कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.03.2025

विषय:- **थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी के मुकदमे मे वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0135/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित 02 नफ़र वांछित अभियुक्तगण 1. सार्थक माली पुत्र राजू माली निवासी 14/12 पुराना मान्यवर कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी व 2. दिनेश कन्नौजिया पुत्र चुन्नुलाल कन्नौजिया निवासी 62/7 पुराना मान्यवर कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक-30.03.2025 को समय करीब 03.45 बजे शिवपुर स्टेशन मोड़ थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गयी 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना शिवपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0140/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त सार्थक माली ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों अपने खर्च व शौक को पूरा करने के लिये चोरी करते है और शहर के बाहर लोगों को औने-पौने दाम में चोरी का समान बेच देते है व पैसा आपस में बांट लेते है। आज से करीब 8-10 दिन पहले इस मोटरसाइकिल को हम दोनों ने मिलकर सदर तहसील के पास से चोरी किया था, जिसे बेचने के लिए हम दोनों आज विचार विमर्श करने निकले थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया और यह तमंचा हम लोग अपनी शौक और सुरक्षा के लिये रखते है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. सार्थक माली पुत्र राजू माली निवासी 14/12 पुराना मान्यवर कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।
2. दिनेश कन्नौजिया पुत्र चुन्नुलाल कन्नौजिया निवासी 62/7 पुराना मान्यवर कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 24 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर वाहन संख्या UP63AF6454 व 01 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- शिवपुर स्टेशन मोड़ थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक 30.03.2025 को समय करीब 03.45 बजे।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त सार्थक माली पुत्र राजू माली निवासी 14/12 पुराना मान्यवर कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी-

1- मु0अ0सं0 0135/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि वाराणसी।
2- मु0अ0सं0 0140/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवपुर कमि वाराणसी।
3- मु0अ0सं0 0214/2023 धारा 323,504,506 भादवि थाना शिवपुर कमि वाराणसी।
4- मु0अ0सं0 0453/2022 धारा 323,504,506 भादवि थाना शिवपुर कमि वाराणसी।

अभियुक्त दिनेश कन्नौजिया पुत्र चुन्नुलाल कन्नौजिया निवासी 62/7 पुराना मान्यवर कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी-

1- मु0अ0सं0 0135/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि वाराणसी।
2- मु0अ0सं0 0140/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवपुर कमि वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 कोमल यादव, उ0नि0 जमुना प्रसाद तिवारी, उ0नि0 ध्रुवनारायण, हे0का0 शैलेन्द्र सोनकर, हे0का0 अरबिन्द सरोज, हे0का0 रामऔतार पाल, हे0का0 विनीत कुमार तिवारी, हे0का0 आलोक कुमार सिंह, का0 सतीश कुमार व का0 संजय शुक्ला थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।